4. गिफ्ट कर मुक्त न होः– निम्नलिखित मामलों में प्राप्त गिफ्ट कर योग्य नहीं होती है–

- यदि रूपया/प्रोपर्टी किसी रिश्तेदार से प्राप्त हुई हो।
- यदि रूपया/प्रोपर्टी शादी के उपलक्ष में प्राप्त हुई हो।
- यदि रूपया/प्रोपर्टी वसीयत या उत्तराधिकारी के रूप में प्राप्त हुई हो।
- यदि रूपया/प्रोपर्टी वसीयत देने वाले की मृत्यु के कारण प्राप्त हुई हो।
- यदि रूपया/प्रोपर्टी किसी स्थानीय संस्था से प्राप्त हुई हो।
- यदि रूपया/प्रोपर्टी धारा 10(23सी) के तहत आने वाले फंड, फाउंडेशन, विश्वविद्यालय, अन्य शिक्षण संस्थान, अस्पताल, ट्रस्ट या संस्था से प्राप्त हुई हो।
- यदि रूपया धारा 12एए के तहत आने वाली चैरीटेबल संस्था से प्राप्त हुआ हो।

## रिश्तेदार की परिभाषाः–

रिश्तेदार की परिभाषा में निम्नलिखित व्यक्ति आते हैः– जीवन साथी, भाई–बहन, जीवन साथी के भाई–बहन, माता–पिता के भाई–बहन, स्वयं की ऊपर व नीचे की पीढ़ी, जीवन साथी के ऊपर व नीचे की पीढ़ी एवं उपरोक्त सभी के जीवन साथी।

ऊपर एवं नीचे की पीढ़ी का तात्पर्य है माता–पिता, दादा–दादी, बेटा–बेटी एवं पोता–पोती

उपरोक्त के अनुसार कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित लोगो से गिफ्ट ले सकता है–जीवन साथी, भाई–भाभी, बहन–जीजा, साला–सालेहार, साली–साढ़ू, देवर–देवरानी, जेठ–जेठानी, ननद–ननदोई, चाचा–चाची, मामा–मामी, ताऊ–ताई, मौसी–मौसा, भुआ–फूफा, माता–पिता, दादा–दादी, बेटा–बहू, बेटी–दामाद, पोता–पोत बहु, पोती–पोती दामाद, सास–ससुर, दादा ससुर–दादी ससुर,

## कौनसी सम्पत्ति प्राप्त होने पर लगेगा टैक्सः–

रूपया, चेक, ड्राफ्ट, जमीन, भवन जिसमें मकान, दुकान, गौदाम, कॉम्पलैक्स सभी शामिल है, जेवरात, शेयर एवं सिक्योरिटीज, पेन्टींग, मूर्तियां एवं आर्ट का कोई भी कार्य।

इस प्रकार मोटर कार एवं अन्य वाहन बिना प्रतिफल के देने पर गिफ्ट के दायरे में नहीं आते है। फर्निचर एवं कई अन्य वस्तुएं भी अभी इसकी परिधि से बाहर है।

# DEFINITION OF RELATIVE FOR GIFT

Mr. X — assessee

1. Mrs. X (1)

2. भाई (2) बहिन (3)

3. साला (4) साली (5)

4. ताऊजी (6) चाचाजी (7) बुआ (8) मामा (9) मौसी (10)

5. Lineal Ascendent / Descendant

Father (11): Grand Father दादा (13); Grand Mother दादी (14)

Mother (12): Mother's Father नाना (15); Mother's Mother नानी (16)

Son (17): पोता (19) Son's son; पोती (20) Son's daughter

Daughter (18): दुयता (21) Daughter's son; दुयती (22) Daughter's daughter

6. LA of Spouse

ससुर (23): पत्नी का दादा (25); पत्नी की दादी (26)

सास (24): पत्नी की नानी (27); पत्नी का नाना (28)

Lineal descendent of spouse (Mrs. x) = Lineal descendent of Mr. x

7. Spouse of the person referred in Clauses (2) to (6) above —

| | | |
|---|---|---|
| भाभी (29) | जीजा (30) | |
| सालाहेली ( wife of साला ) (31) | साडुभाई (32) | |
| ताई (33) | चाची (34) | फूफोजी (35) |
| मामी (36) | मौसीजी (37) | |
| बहु (38) | जंवाइ ( daughter's husband ) (39) | |
| पोते की बहु (40) | पोती का पति (41) | |
| दुइता की पत्नी (42) | दुइती का पति (43) | |

Not included in Relative —

भतीजा ( brother's son ) भतीजी ( brother's daughter )

भाणजा ( sister's son ) भाणजी ( sister's daughter )

सालाहेली के लड़के / लड़की साली के लड़के / लड़की

बुआ के लड़के / लड़की पत्नी की बुआ

पत्नी के फूफाजी

*श्रेष्ठ संस्कार मनुष्य को गुणवान बना देता है।*